68वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

आयोजन की सफलता के लिए पूर्ण मनोयोग से जुटें : शीतला पटेल

गाडरवारा, देशबन्धु। गत दिवस कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आगामी 16 नवम्बर से 20 नवम्बर 2024 तक रूद्र मैदान गाडरवारा में आयोजित होने वाली 17 वर्षीय आयु वर्ग के बालक- बालिका की 68 वीं राष्ट्रीय कबड्डी शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 की तैयारियों को लेकर स्थानीय तहसील कार्यालय के सभागार में बैठक ली।

बैठक में उन्होंने प्रतियोगिता से सम्बंधित आवश्यक तैयारियों के लिए शिक्षा विभाग, खेल एवं युवक कल्याण विभाग, नपा, चिकित्सा सहित संबंधित अन्य विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए देश के अनेक राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से खिलाडी शामिल होंगे। उन्हें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। खिलाड़ियों के लिए आवास, परिवहन, भोजन, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं खेल प्रतियोगिता संबंधी समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। खेल प्रतियोगिता के दौरान प्रतियोगिता स्थल पर शुद्ध पेयजल, अस्थायी शौचालय आदि की व्यवस्था के साथ ही जीवन रक्षक दवाओं सहित फर्स्ट ऐड किट एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन सभी के लिए यादगार हो इसके लिए स्टेशन पर आने वाले खिलाड़ियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर व तिलक लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किया जाये एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन हो। प्रतियोगिता के मैचों की जानकारी, रूट मैप पूर्व से तैयार कर लिया जाये एवं स्कोर बताने के लिए स्कोर बोर्ड की व्यवस्था हो । इसके अलावा कंट्रोल रूम भी बनाया जाये। जिन आवास स्थलों में खिलाड़ियों को रूकना है, उनका अधिकारियों द्वारा पहले से निरीक्षण कर सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका ने कहा कि पहली बार यह प्रतियोगिता आयोजित करने का मौका नरसिंहपुर जिले एवं गाडरवारा को मिला है। यहाँ होने वाले राष्ट्रीय स्तर की इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन भव्य तरीके से हो एवं खिलाड़ियों के प्रति सहयोगात्मक रवैया सभी का हो। बैठक में नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि हमारा प्रयास हो कि यह प्रतियोगिता अन्य राज्यों में अब तक हुई प्रतियोगिताओं से भी बेहतर हों।

स्वास्थ विभाग की टीम अच्छी व्यवस्था एवं अच्छे सहयोगी भाव के साथ कार्य करे। बैठक मे उन्होंने कहा कि नगरपालिका द्वारा प्रतियोगिता मे बेहतर सेवाएं दी जायेंगी। बैठक मे उपस्थित राव अनुज प्रताप सिंह ने सुझाव देते हुए कहा कि प्रतियोगिता मे देशभर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके आयोजन से यहां के लोगों का मनोबल और प्रोत्साहन बढ़ेगा और ज़िले को एक अच्छा मंच भी मिलेगा। विदित हो कि बैठक मे सर्वप्रथम जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन पुराना कॉलेज ग्राउंड गाडरवारा में किया जायेगा। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेश के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रत्येक राज्य से 24 खिलाड़ी सहित कोच, रैफरी एवं मैनेजर रहेंगे। इस प्रतियोगिता के लिए बालक एवं बालिकाओं के लिए पृथक- पृथक आवास, भोजन स्थल की व्यवस्था की गई है।

रेलवे स्टेशन से लेकर आवास स्थल तक आने एवं आवास स्थल से मैदान तक आने के लिए वाहनों की व्यवस्था की जा रही है। बैठक मे एसडीएम श्रीमती कलावती ब्यारे ने राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता मे सभी से सहयोग की बात पर जोर दिया। बैठक मे सीएमएचओ आदित्य प्रताप सिंह, डीपीसी आर पी चतुर्वेदी, एसडीओपी रत्नेश मिश्रा सहित अन्य जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर काम किया। उन्होंने अपनी समस्याओं और विसंगतियों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जो मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से भेजा गया है।

ज्ञापन में एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने कहा कि संविदा नीति 2023 में तय वेतनमान लागू करने पर वे सरकार के आभारी हैं, लेकिन अभी तक इस नीति की सभी शर्तों और सुविधाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल पाया है। इस कारण कर्मचारियों में निराशा और असंतोष का माहौल है।

कर्मचारियों की मुख्य मांगें - संविदा नीति 2023 लागू करना- एनएचएम संविदा कर्मचारियों के लिए नीति की सभी शर्तों को अक्षरशः लागू करें। कर्मचारियों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए आयुष्मान कार्ड जारी करें। वेतन विसंगतियों का समाधान वेतन में उत्पन्न विसंगतियों को दूर कर समानता लाएं।

संविदा कर्मचारियों का कहना है कि यदि मांगों को पूरा किया जाता है तो इससे 32 हजार कर्मचारियों और उनके लगभग 2 लाख 50 हजार परिवारजनों को राहत मिलेगी। कर्मचारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

सार-समाचार

पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना संबंधित शिविर का होगा आयोजन

गाडरवारा, देशबन्धु। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड गाडरवारा संभाग स्तर एवं वितरण केंद्र स्तर पर दिनांक 14 नवम्बर को पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना के प्रचार प्रसार करने हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं को सोलर से होने वाले लाभ, नेशनल पोर्टल के माध्यम से उपभोक्ताओं को सब्सिडी सीधे उनके खाते में प्राप्त करने के संबंध में एवं वेंडर की जानकारी आदि उपभोक्ताओं को प्रदान की जावेगी। शिविर में उपस्थित कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं को नेट मीटरिंग प्रक्रिया व सब्सिडी के प्रावधान आदि की जानकारी उपलब्ध कराई जावेगी। योजना के संबंध में उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करनी है तो संपर्क कर सकते हैं।

राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता हेतु त्रिपुरा राज्य की टीम का स्वागत

गाडरवारा, देशबन्धु। 68 वी राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता हेतु राज्यों की टीमों का आगमन शुरू हो गया हैं। बीते बुधवार की सुबह स्टेशन पर त्रिपुरा की टीम का आगमन हुआ जिसके आगमन पर बीआरसी संदीप स्थापक, पीटीआई अनुज जैन, विक्रम शर्मा, मुकेश पटैल, लिपिक अमित पटैल, शिक्षक आरती विश्वकर्मा ने खिलाड़ियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। स्वागत उपरांत खिलाड़ियों को आवास स्थल तक बस से लाया गया।

कोटवार वेलफेयर सोसायटी संघ ने मांगों लेकर सौंपा ज्ञापन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। कोटवार वेलफेयर सोसायटी संघ द्वारा अपनी जायज मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया। जिनमें मांगे है 2007 में शासन ने कोटवार भूमि का भूमिस्वामी अधिकार दिए जाने के आदेश जारी कर दिए है आज दिनांक तक उस आदेश का पालन नहीं हुआ । राजस्व विभाग से जारी आदेश का शीघ्र पालन किया जाए।मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग के स्पष्ट आदेश हैं कि कोटवार बर्दी की राशि कोटवार के खाते में डाली जाए लेकिन नरसिंहपुर जिले में बर्दी की राशि कभी नहीं डाली गई जबकि प्रति वर्ष दो जोड़ी बर्दी की राशि शासन प्रत्येक जिला में भेजती है 2023-24 के लिए बजट भी जारी किया जा चुका है।इन्हीं मांगो को लेकर कोटवार संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया है शीघ्र मांगो को पूरा किया जाए अन्यथा संगठन धरना प्रदर्शन पर उतारू होगा। प्रदेश अध्यक्ष लोचन प्रसाद चढ़ार जिलाअध्यक्ष कमलेश मेहरा,उपाध्याच प्रकाश मेहरा और सभी कोटवार संग के जिला पदाधिकारी और जिले के कोटवार उपस्थित रहे।

मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत दिव्यांग सहायता अनुदान योजना

नरसिंहपुर, देशबन्धु। राज्य शासन के श्रम विभाग के मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत दिव्यांग सहायता अनुदान योजना संचालित है। इस योजना में आवेदन को मोटर चलित तिपहिया साईकिल एवं अन्य सभी दिव्यांग उपकरण क्रय करने पर क्रय मूल्य की 100 प्रतिशत राशि जो अधिकतम 35 हजार रुपये मंडल द्वारा अनुदान के रूप में प्रदाय की जायेगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक, वास्तविक में निर्माण श्रमिक होना चाहिये। पंजीकृत श्रमिक अथवा पंजीयन कार्ड में सम्मिलित सदस्य का दिव्यांगता के लिए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक जनवरी 2023 अथवा इसके पश्चात वैध अद्वितीय विकलांगता आईडी- यूडीआईडी कार्ड में दिव्यांगता का 40 प्रतिशत अथवा इससे अधिक होना चाहिये। मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल के अंतर्गत पंजीयन की दिनांक मोटर चलित तिपहिया साईकिल एवं अन्य सभी दिव्यांग उपकरण क्रय के दिनांक के पूर्व अनिवार्य है। पंजीकृत श्रमिक एवं उसके परिवार के एक सदस्य को प्रति सदस्य के मान से सिर्फ एक बार (प्रति पंजीयन कार्ड अधिकतम दो बार) इस योजना का लाभ मिलेगा। क्रय किये गये मोटर चलित तिपहिया साइकिल पर मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अनुदान के क्रय अनिवार्य रूप से लिखना होगा। योजना के अंतर्गत केवल आर्टिफिशियल लीम्ब्स मेनूफेक्चरिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित मोटर चलित तिपहिया साईकिल एवं अन्य दिव्यांग उपकरण के क्रय पर ही हितलाभ देय होगा। क्रय किये गये मोटर चलित तिपहिया साईकिल क्रय दिनांक से तीन वर्ष तक विक्रय से प्रतिबंधित रहेगा। सहायता राशि भुगतान के लिए आवेदन को मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पोर्टल पर अनुदान के लिए आवेदन प्रस्तुत करना होगा। पोर्टल में अद्वितीय विकलांगता आईडी- यूडीआईडी कार्ड क्रय बिल और श्रमिक सदस्य की मोटर चलित तिपहिया साईकिल के साथ फोटो स्पष्ट प्रदर्शित होना अनिवार्य है।

कलेक्टर एवं एसपी ने खेल मैदान एवं अन्य स्थलों का किया निरीक्षण

गाडरवारा, देशबन्धु। गत मंगलवार की देर शाम नगर मे जिले की कलेक्टर शीतला पटले एवं एसपी मृगाखी डेका ने राव अनुजप्रताप सिंह सहित अधिकारियो के साथ 68 वी राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन के संदर्भ मे निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजन स्थल स्थानीय पुराना कॉलेज मैदान, खिलाड़ियों के आवास स्थल क्रेयान व काबरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल एवं भोजन स्थल शासकीय पीएम श्री कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक स्कूल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा की खेल मैदान पर प्रतियोगिता से जुडी तैयारियो को जल्द पूर्ण करते हुए खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएँ मैदान पर उपलब्ध कराई जावें। आवास एवं भोजन स्थल पर पर्याप्त साफ सफाई हो एवं खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएँ मिलें इस उद्देश्य को लेकर सभी कार्य करें। इस दौरान राव अनुज प्रताप सिंह ने अधिकारियो को आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती कलावती ब्यारे,जिला शिक्षा अधिकारी अनिल ब्योहार, बीईओ प्रतुल इंदुरख्या सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

स्मैक, जुआ-सट्टा पर लगेगी रोक प्रियंका

गाडरवारा, देशबन्धु। विगत दिवस पुलिस थाना में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया इस मौके पर पुलिस उप अधीक्षक रत्नेश मिश्रा नगर निरीक्षक प्रियंका केवट ने मीडिया से की चर्चा करते हुए कहा कि समाजविरोधी अपराधों पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है । पुलिस विभाग एवं विभिन्न समाजसेवी संगठनों व कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति के लिए जन जागरूकत अभियान चलाया जाएग, नवागत नगर निरीक्षक प्रियंका केवट ने सभी मीडिया कर्मियों से रूबरू होकर परिचय प्राप्त कर स्मेक जुआ सत्ता जैसे अपराधों पर रोक लगाने का आश्वासन दिया ।

एसडीओपी रत्नेश मिश्रा ने गाडरवारा नगर में 16 नवंबर से प्रारंभ होने वाली राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता एवं 17 नवंबर को देश के ख्याति प्राप्त कवि डॉ कुमार विश्वास के कार्यक्रम के बारे में भी चर्चा करते हुए बताया कि नगर में पार्किंग के स्थान चिन्हित किये जा रहे है व 16 से 20 नवंबर तक कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर बेहतर तैयारी की जा रही है अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया जा रहा है यातायात व्यवस्था पर पुलिस का विशेष ध्यान रहेगा। नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि ओशो की धारा गाडरवारा में देश के

नवागत नगर निरीक्षक ने मीडिया को दिया भरोसा

ख्याति प्राप्त कवि कुमार विश्वास का 17 नवंबर को आगमन हो रहा है एवं 16 नवंबर से 20 नवंबर तक राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का नगर में आयोजन है सभी राज्यों की टीमें भाग लेने आ रही है । कुछ राज्यों की टीम अभी आ चुकी हैं। राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता एवं कवि कुमार विश्वास के कार्यक्रम की सौगात विधायक एवं स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के लिए दी है, यह हमारे लिए गर्भ का विषय है यह कार्यक्रम प्रशासन के साथ साथ हम सभी का है बाहर से जो टीम में आई है उनके खिलाड़ियों का स्वागत सत्कार करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में हम सभी की सहभागिता और हमारा सहयोग होना चाहिए ।

हम सभी को मिलकर इस आयोजन को सफल बनाना है । नपा अध्यक्ष एवं पुलिसअधिकारियों ने मीडिया से सहयोग की अपेक्षा की है। इस मौके पर सभापति सुरेंद्र गुर्जर, पार्षद कमल खटीक, प्रवेश राय सहित पुलिस विभाग के अधिकारी व पत्रकारों की उपस्थिति रही।

वीरांगना क्लब का कार्यक्रम संपन्न

गतिविधियों की दी जानकारी

नरसिंहपुर, देशबन्धु। वीरांगना क्लब की प्रशासनिक आधिकारिक यात्रा कार्यक्रम सपन्न हुआ । डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट दीपा घई प्रशासनिक आधिकारिक यात्रा के आगमन पर वीरांगना क्लब ए. आफिसर ए. सचिव द्वारा रेल्वे स्टेशन पर स्वागत किया गया।

होटल अमर पैलेस हाल में कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सर्व प्रथम सरस्वती पूजन मुख्य अतिथियों द्वारा किया ।सरस्वती वंदना गान लीनेश प्रीती सोनी ने की तत्पश्चात राष्ट्र को समर्पित ध्वज वंदना रेनू नोरिया ने की। मुख्य अतिथियों एवं सभी क्लब मेंबर्स ने राष्ट्र गान किया । सर्वप्रथम सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट ने गतिविधियों का अवलोकन स्क्रेब बुक व कोष रजिस्टर का अवलोकन किया गया,सचिव, कोषाध्यक्ष द्वारा प्रतिवेदन पढकर व जानकारी दी गई विशिष्ट गतिविधियों को विस्तृत रूप से बताया गया, तत्पश्चात वरिष्ठ

पत्रकारों का सम्मान किया गया। एरिया आफिसर व्दारा स्वागत भाषण दिए गया जबलपुर से आई डिस्ट्रिक्ट सचिव ली. मंगला सिंघई का उद्धबोधन हुआ पुनः नृत्य प्रस्तुति ली. मंजरी द्वारा दी गई, तत्पश्चात स्मृति चिन्ह प्रदान किए गये, कार्यक्रम की श्रृंखला में डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट का जीवन परिचय ली. सीमा स्थापक द्वारा दिया गया, तत्पश्चात डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट का उत्साहपूर्ण उद्धबोधन हुआ। पुनः सविता महोबिया द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर समाबांधी , कुशल मंच संचालन पूनम धुर्वे ने किया दीपोत्सव का त्यौहार चलते दीप प्रज्ज्वलित किए गये ऑवला नवमी का दिन होने से ऑवला पूजन कर सभी लीनेस बहनों ने भक्तिभाव पूर्ण गीत गाए गये,क्लब अध्यक्ष श्रीमति पूनम जैन द्वारा सभी का आभार प्रकट कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई, । ए. आ. अर्चना राय, ए.सचिव रुपकला कटारे, अध्यक्ष पूनम जैन, सचिव पूनम धुर्वे ,कोषाध्यक्ष रजनी राजोरिया , संरक्षक ममता नामदेव , शोभा पाल, उपाध्यक्ष मंजूषा सेन,सविता महोबिया,सीमा स्थापक उपस्थित सदस्य नर्मदा क्लब जबलपुर से आई अर्चना साहू वीरांगना क्लब से पुष्पा साहू,प्रीति सोनी,प्रीति राय, प्रीति गोस्वामी, ज्योत्सना राय,नीता राय,मंजरी नेमा, सरिता जाट,रजनी सिंघई ,रेनू नौरिया उपस्थित रही।

मड़ई मेले में प्रतिभा सम्मान

नरसिंहपुर, देशबन्धु। गुलाब चौराहे पर पूर्व विधायक जालमसह पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महंत पीतमपुरी, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, न सर्राफाव्पारी पंकज नेमा की उपस्थिति में मढई मेला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें उत्कृष्ट एवं सेवाभावी कार्य करने वाले प्रेस फोटोग्राफर संजय राय को आयोजन महंत अनिकेत बैरागी एवं समस्त मित्रमंडली द्वारा श्री राय को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। संजय राय तकरीबन 32 वर्षों से नरसिंहपुर शहर में फोटोग्राफी की दुनिया में इतने पारंगत है। इन्होंने अपने कार्य को उस दौर में प्रारंभ किया जब लोगों के परिचय पत्र बना प्रारंभ हुए थे। इनको कभी यह बताने की

आवश्यकता शहर वासियों को नहीं रही, कितनी फोटो किस एंगल से लेना है वह स्वयं अपने सिद्धांतों एवं लगन और कार्यशैली अनुसार लोगों के बजट से भी कम में उनके किसी भी कार्यक्रम को संभालते हैं। इतना ही नहीं शहर में मिलन समिति के माध्यम से छोटे-छोटे कार्यक्रमों एवं जन सेवा में इनके द्वारा समाज में एक हर समय नया संदेश देखने और लोगों को पढ़ने भी मिलता है चाहे जरूर मंदो की मदद हो या फिर तीज त्योहार पर मिलन समिति कार्यालय के सामने उनके कार्यक्रमों की स्टॉल लगी हुई देखी जाती हैं ।

दुष्कर्मी व सहयोगी को 20-20 साल का दोहरा सश्रम कारावास

नरसिंहपुर, देशबन्धु। न्यायालय, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ श्रीमती अंजली पारे के न्यायालय द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी तथा उसके सहकर्मी को प्रकरण में आरोपी राजेन्द्र उर्फ राजू आ. हल्के चौधरी आयु 28 वर्ष, लालसाहब आ. हल्के चौधरी आयु 22 वर्ष दोनो निवासी ग्राम झाझनखेडा थाना गाडरवारा जिला नरसिंहपुर म.प्र. को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपीगणों को क्रमशः आरोपी राजेन्द्र उर्फ राजू को भादवि की धारा 366क में 05 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000/- रूपये का अर्थदण्ड, धारा- 363 में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500/- रूपये अर्थदण्ड तथा धारा 5(एल)/6 सहपठित धारा 16/17 व धारा 3/4 की उपधारा(2) सहपठित धारा 16/17 लैगिंक अपराधों से बालकों का सरक्षण अधिनिमय 2012 में 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000/रूपये अर्थदण्ड सें तथा आरोपी लालसाहब को भादवि की धारा 366 में 05 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000/- रूपये अर्थदण्ड तथा धारा 5(एल)/6 व धारा 3/4 की उपधारा(2) लैगिंक अपराधों से बालकों का सरक्षण अधिनिमय 2012 में 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000/- 2000/- रूपये अर्थदण्ड सें दंडित किया गया। घटना गाडरवारा थाना अंतर्गत दिनांक 20.9.20 22 की है।

पीड़िता के परिवार ने पीड़िता की खोज की किंतु वह नहीं मिली तब दिनांक 23. 9. 2022 को रिपोर्ट की गई। प्रभारी उपसंचालक अभियोजन/जिला लोक अभियोजन अधिकारी नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में, विशेष लोक अभियोजक श्रीमती संगीता दुबे द्वारा उक्त प्रकरण में पैरवी की गई।

बिजली कंपनी आज लगाएगी शिविर

नरसिंहपुर, देशबन्धु। नरसिंहपुर वृत अंतर्गत पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रचार प्रसार हेतु संभागीय कार्यालय नरसिंहपुर एवं गाडरवारा के प्रांगण में आज 14 नवंबर को सुबह 11 से सायं 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में सभी घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को घरेलू बिजली में पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर कनेक्शन जारी किये जाएगें। शिविर में सोलर से होने वाले लाभ, प्रत्यावर्तन अवधि (क्क्षु4ड्डड्डष्ठ/ क्क्रहद्धशस्त्र) नेशनल पोर्टल के माध्यम से उपभोक्तओं को सब्सिडी सीधे खाते में प्राप्त करने के संबंध में एवं वेंडर की जानकारी आदि उपभोक्ताओं को प्रदान की जावेगी। उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि आयोजित शिविर में उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करें। शिविर सोलर पैनल लगवाने के बाद भी बिजली की सब्सिडी मिलेगी।

गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये

पन्ना, देशबन्धु । भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2425 रूपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रूपये अधिक है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिये अब किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये तैयारी प्रारंभ की जाएगी। गेहूं उपार्जन के लिए बारदाना, भंडारण, परिवहन की व्यवस्था की जाएगी।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

सनात्कोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए